>

Title: Need to construct bypass road near National Highway No. 76 in Chitrakoot Uttar Pradesh.

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से जनपद, चित्रकूट जो भगवान श्री रामचंद्र जी की तपोस्थली रही है। भगवान राम वनवास के समय में 12 वर्ष चित्रकूट में रहे थे। वहां कर्वी, हमारा कस्बा है, चित्रकूट का मुख्यालय है, उससे एन.एच.-76 राष्ट्रीय राजमार्ग, पिण्डवारा, झांसी, प्रयागराज, मिर्जापुर तक जाती है और वह सड़क वहां बीच से निकल कर जाती है। चित्रकूट में हर अमवस्या को लोग लाखों-लाख की संख्या में भगवान कामतानाथ जी के दर्शन करने आते हैं। भारत सरकार द्वारा हर माह की अमावस्या में कानपुर, प्रयागराज, चित्रकूट और झांसी से मेला एक्सप्रेस ट्रेन्स चलाई जाती हैं, तीर्थ यात्रियों को सुविधा प्रदान की जाती है। वहां राजमार्ग पर जाम लग जाता है, चित्रकूट धाम में जाम लगता है। लौढ़िया, सपहा, रंगौली, इटरौर, छिपनी, बाहर खेड़ा और शिवरामपुर गांव के बाहर बीस किलोमीटर का एक बाइपास बना कर, इसे बांदा से प्रयागराज की तरफ जोड़ दिया जाए, इससे जाम की स्थिति खत्म हो जाएगी।

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इस बाइपास को बनाने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष : श्री टी. एन. प्रथापन, उपस्थित नहीं।

श्री एंटो एन्टोनी, उपस्थित नहीं।